नई दिल्ली, शनिवार
3 अक्टूबर, 2020
राजधानी
मूल्य ₹5.00
पृष्ठ 12+4=16
www.Jagran.com

दैनिक जागरण

PHOTO

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखण्ड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प.बंगाल से प्रकाशित

[illegible]

विज्ञापन

कोरोना मीटर
(स्रोत): वर्ल्डोमीटर, संडाट [illegible] रात [illegible] बजे तक

	विश्व	यूरोप	अमेरिका	ब्राजील	रूस	भारत
कुल पुष्ट केस/प्रति दस लाख	345 लाख/4,432	51.25 लाख/6,913	74.99 लाख/22,625	48.49 लाख/22,773	11.94 लाख/8,185	62.97 लाख/4,625
सक्रिय केस/प्रति दस लाख	78.10 लाख/1,001	23.27 लाख/3,139	25.49 लाख/7,692	4.91 लाख/2,306	2.03 लाख/1,391	9.45 लाख/684
स्वस्थ हुए/प्रति दस लाख	257 लाख/3,295	25.74 लाख/3,442	47.37 लाख/14,294	42.12 लाख/19,784	9.70 लाख/6,648	53.52 लाख/3,873
कुल मृत्यु/प्रति दस लाख	10.28 लाख/132.0	2.23 लाख/301	2.12 लाख/642	1.44 लाख/680	21,077/144	1.00 लाख/72
कुल टेस्ट/प्रति दस लाख	–	–	1,084 लाख/3.27 लाख	–	–	767 लाख/55,455

24 घंटे में	विश्व	यूरोप	अमेरिका	ब्राजील	रूस	भारत
कुल पुष्ट केस	3.92 लाख	1.00 लाख	52,709	-35,643	18,357	81,484
सक्रिय केस	99,718	63,449	14,055	2,442	5,983	1,512
स्वस्थ हुए	2.82 लाख	36,291	37,668	32,396	12,039	78,877
कुल मृत्यु	10,410	1,176	986	805	355	1,095
कुल टेस्ट	–	–	8.99 लाख	–	–	10.97 लाख

सावधान!!!
सामने प्रलयकारी प्रदूषण

[illegible] की प्रदूषण की रफ्तार, बीते से बदतर हो चले हालात

नई दिल्ली - लॉकडाउन में [illegible] हुआ प्रदूषण जानलेवा होते हुए सिर्फ फिर आया, बल्कि बीते साल से भी ज्यादा गहरा होता जा रहा है। सितंबर का हाल बुरा रहा है, जबकि जाड़ा आना बाकी है। पेज [illegible]

बिहार में महागठबंधन में टूटा गतिरोध, सीटों पर सहमति

पटना: सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर महागठबंधन के घटक दलों के बीच का गतिरोध-प्रतिरोध बहुत हद तक खत्म हो गया है। माना जा रहा है कि एक दो दिन में महागठबंधन के सभी घटक दल संयुक्त प्रेस वार्ता कर सीटों के बंटवारे का एलान कर सकते हैं। पेज 7

कई रोजगारपरक क्षेत्रों का छह माह बाद बढ़ा निर्यात

नई दिल्ली: रोजगारपरक निर्यात क्षेत्रों में लगातार छह महीने की गिरावट के बाद सितंबर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। इनमें मुख्य रूप से रेडीमेड गारमेंट, हैंडीक्राफ्ट्स, इंजीनियरिंग गुड्स शामिल हैं।

पेज 8

सरहद पर सेना को सशक्त करेगी अटल टनल

मनाली: नए भारत के निर्माण में 3 अक्टूबर ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिमाचल प्रदेश के मनाली में समुद्र तल से करीब दस हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर बनी विश्व की सबसे लंबी 9.02 किलोमीटर की अटल टनल रोहतांग को देश को समर्पित करेंगे। पेज 8

jagran.com
कोरोना का प्रकोप
अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से पहले इन राष्ट्राध्यक्षों को भी चपेट में ले चुका है कोरोना वायरस

विज्ञापन

15 के बाद खुलेंगे स्कूल

सबसे पहले 10वीं और 12वीं की शुरू की जाएंगी कक्षाएं

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: केंद्र सरकार से हरी झंडी मिलने के साथ ही अब स्कूलों को खोलने की तैयारी शुरू हो गई है। चरणबद्ध तरीके से स्कूल खोले जाएंगे। सबसे पहले 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को बुलाया जाएगा, क्योंकि इन्हीं बोर्ड परीक्षाओं से अब कुछ ही महीने बचे हैं। इन बच्चों को स्कूल बुलाकर प्रैक्टिकल सहित बाकी बचे पाठ्यक्रम को पूरा कराया जाएगा। कोरोना संकट के चलते मार्च से ही स्कूल बंद हैं और नए सत्र में अभी तक बच्चे एक भी दिन स्कूल नहीं गए हैं। बच्चों की पढ़ाई को लेकर स्कूल प्रबंधन और अभिभावक भी चिंतित हैं। हालांकि स्कूलों के बंद रहने के बाद भी इन बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई जारी थी, लेकिन स्कूलों का मानना है कि बच्चों को कक्षाओं में बैठाकर पढ़ाए बगैर बेहतर रिजल्ट नहीं मिल सकता है। फिलहाल स्कूल को खोलने के लिए केंद्रीय विद्यालय व नवोदय विद्यालय जैसे सरकारी स्कूलों ने तैयारी शुरू कर दी है। अनलॉक-4 के दिशा निर्देशों के बाद ही इन संस्थानों ने बच्चों को स्कूल बुलाने की योजना बनाई थी। अभिभावकों की असहमति के चलते इसे टाल दिया गया था। स्कूलों को खोलने से पहले सुरक्षा को लेकर नए दिशा-निर्देश को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों की मानें तो इसे अगले हफ्ते जारी किया जा सकता है। स्कूलों को जिस तरह से खोलने की तैयारी है, 15 अक्टूबर से पहले गाइडलाइन को जारी करना होगा। अभी जो जानकारी मिली है, उसके तहत हर कक्षा में 12 बच्चों को बैठाया जाएगा।

तैयारी
- दूसरी कक्षाओं के बच्चों को बुलाने का फैसला बाद में होगा
- अगले हफ्ते तक जारी किए जाएंगे सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश

PHOTO

एहतियात के कदम
- कोरोना महामारी के चलते मार्च से बंद हैं स्कूल
- अभिभावक की अनुमति पर ही बुलाए जाएंगे बच्चे
- उन्हें स्कूल पहुंचाने-ले जाने की जिम्मेदारी अभिभावक की ही होगी।
- हफ्ते में दो से तीन दिन ही बुलाए जाएंगे इन कक्षाओं के विद्यार्थी
- बच्चों के लिए मास्क और सैनिटाइजर अनिवार्य

अगला सत्र प्रभावित न हो, इसलिए तय समय पर ही बोर्ड परीक्षाएं

स्कूल खोलने के साथ ही सीबीएसई के साथ मिलकर शिक्षा मंत्रालय बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में भी जुट गया है। फिलहाल जो योजना है, उसके तहत 10वीं और 12वीं की बोर्ड की परीक्षाएं हर साल की तरह अगले साल फरवरी और मार्च में होंगी। हालांकि इससे पहले प्री-बोर्ड की पहली परीक्षाएं इस साल दिसंबर में ही कराई जाएंगी। योजना पर काम कर रहे अधिकारियों की मानें तो अगला शैक्षणिक सत्र प्रभावित न हो, इसके लिए परीक्षाएं तय समय पर ही कराई जाएंगी।

हाथरस के एसपी समेत पांच पुलिसकर्मी निलंबित

PHOTO

एक्शन में सरकार
- एसआइटी की पहली रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई, सीओ पर भी गिरी गाज
- एसपी समेत अन्य पुलिसकर्मियों और वादी-आरोपितों का भी होगा नार्को टेस्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: हाथरस कांड में शुक्रवार रात एसपी व सीओ समेत पांच पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई हो गई। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर युवती की हत्या की घटना में लचर पर्यवेक्षण के दोषी हाथरस के एसपी विक्रांत वीर व तत्कालीन सीओ राम शब्द समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया।

यह निर्णय घटना की जांच के लिए गृह सचिव भगवान स्वरूप की अध्यक्षता में गठित विशेष जांच दल (एसआइटी) की पहली रिपोर्ट मिलने के बाद लिया गया। जांच रिपोर्ट में एसपी के अलावा तत्कालीन थानाध्यक्ष व अन्य पुलिसकर्मी भी दोषी पाए गए हैं। शासन के निर्देश पर चंदपा के तत्कालीन निरीक्षक दिनेश कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगवीर सिंह व हेड मोहर्रिर महेश पाल को निलंबित कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि एसपी समेत निलंबित पांचों पुलिसकर्मियों, वादी-आरोपित व अन्य संबंधित लोगों के पॉलीग्राफ और नार्को एनालिसिस टेस्ट कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। हाथरस घटना के विवेचक पॉलीग्राफ व नार्को टेस्ट कराएंगे। वहीं, शासन ने शामली के एसपी विनीत जायसवाल को पुलिस अधीक्षक, हाथरस का पदभार सौंपा है। >>पेज 7 व संपादकीय

PHOTO

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: महिलाओं के साथ बढ़े अपराधों से गरमाए राजनीतिक माहौल के बीच उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों के खिलाफ कठोर रवैया अपनाने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश में माताओं-बहनों के सम्मान स्वाभिमान को क्षति पहुंचाने वालों का समूल नाश सुनिश्चित है। इन्हें [illegible] दंड मिलेगा।

वारदात के लिए किराये पर देते थे चोरी के वाहन, 14 धरे

80 बाइक, 36 स्कूटी, कट्टा और कारतूस बरामद, वाहन, अपराधी व बिचौलिये हैं शामिल

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली: राजधानी में ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हुआ है, जो वाहन चुराकर अपराधी व अन्य वारदात के लिए उसे किराये पर दे देता था। पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित 14 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर शालीमार, मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, राजा पार्क, [illegible] क्षेत्रों से 80 बाइक और 36 स्कूटी बरामद की गई हैं। आरोपितों में वाहन चोर, अपराधी और चोरी के वाहन दिलाने वाले बिचौलिये शामिल हैं। बिचौलियों को अपराधी या लूट की रकम या फिर सामान के मुताबिक कमीशन मिलता था और वाहन चोर भी [illegible] के मुताबिक मिले किराये से कमीशन देते थे।

बाहरी जिले के डीसीपी [illegible] ने बताया कि अपराधियों [illegible] के लिए सुल्तानपुरी के एसीपी इशान भारद्वाज, मंगोलपुरी के एसीपी [illegible] की निगरानी में मंगोलपुरी व राजा पार्क के एसएचओ के नेतृत्व में ईगल स्क्वायड नाम से दो टीमें बनाई गई थीं। इन टीमों को लावारिस वाहनों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। 25 सितंबर को मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र के [illegible] में दो बाइक लावारिस हालत में मिलीं। जांच में पता चला कि एक बाइक [illegible] नगर से दूसरी [illegible] इलाके से चुराई गई थी। इसके बाद पुलिस वहां सादे कपड़ों में तैनात हुई। इस बीच स्कूटी पर आए युवक बाइक ले जाने लगे। तभी पुलिस ने पकड़ लिया। उनकी पहचान सुल्तानपुरी निवासी दीपक, सूरज, [illegible] नगर निवासी मनीष व मंगोलपुरी निवासी निखिल के रूप में हुई। निखिल के पास से कट्टा व कारतूस भी मिले। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर वाहन चोरी एवं अपराधी गिरोह से जुड़े 10 और आरोपितों को सुल्तानपुरी, मंगोलपुरी, अमन विहार आदि इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उनमें सुल्तानपुरी निवासी सरगना विकास उर्फ विक्की, यहां के राशिद, कासिम, [illegible], सागर, अमन विहार निवासी सुरेंद्र, रोहित, अमित और मंगोलपुरी निवासी सुमित व सुमित उर्फ चिकना शामिल हैं।

अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा: अमेरिका

चीन को दो टूक
- क्वाड की अहम बैठक से पहले अमेरिकी विदेश मंत्रालय का बयान
- हिंद प्रशांत क्षेत्र में भारत एक शक्ति, निभानी होगी अहम भूमिका

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: भारत के लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों की वैधता पर [illegible] सवाल उठा रहे चीन को अमेरिका ने कड़ा संकेत दिया है। अमेरिका ने कहा, अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और चीन के आक्रामक रवैये का भारत दुर्भाग्य से शिकार हो रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अगले सप्ताह टोक्यो में जापान, आस्ट्रेलिया, भारत व अमेरिका के विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, हम भारत व चीन के बीच जारी सीमा विवाद पर नजर रखे हुए हैं। यह एक संवेदनशील मुद्दा है और हम दोनों पक्षों को कूटनीतिक समाधान निकालने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं, लेकिन हमारी [illegible] को लेकर हमारा स्पष्ट मत है। अमेरिका दशकों से अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा मानता रहा है। हम वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एकतरफा बदलाव करने के [illegible] के सख्त खिलाफ हैं, [illegible] के सहित इलाके हो चाहे उसे सैन्य अतिक्रमण से बदला जाए या सिविलियन अतिक्रमण से। चीन के आक्रामक रवैये से उस क्षेत्र के जो देश परेशान हैं उनमें भारत भी शामिल है। आगे हिंद प्रशांत क्षेत्र के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत इस हिस्से की एक क्षेत्रीय शक्ति है और एक खुला व सभी देशों के लिए सुलभ हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने में भारत की अहम भूमिका होगी। (क्वाड) की बैठक के एजेंडे के बारे में भी बताया कि वहां बहुत ही विस्तार से संबंधित रणनीतिक मुद्दों पर बात होने की उम्मीद है। आर्थिक व कोरोना से जुड़े मुद्दे भी होंगे। भारत, अमेरिका और जापान की नौसेनाओं के बीच होने वाले मालाबार अभ्यास में आस्ट्रेलिया को शामिल करने को लेकर भी बात होनी है।

मालाबार नौसेना अभ्यास में आस्ट्रेलिया हो सकता है शामिल

जानकारों का कहना है कि [illegible] मालाबार नौसेना अभ्यास में आस्ट्रेलिया को शामिल करने का एलान इस क्वाड की बैठक के बाद किया जा सकता है। हिंद प्रशांत रीजन के लिए इन चारों देशों की अपनी-अपनी रणनीति है, जो बहुत हद तक समान कही जा सकती है। माना जा रहा है कि टोक्यो में होने वाली बैठक में चारों देशों की हिंद प्रशांत क्षेत्र के लिए रणनीति [illegible]

विज्ञापन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और पत्नी मेलानिया कोरोना पॉजिटिव

वाशिंगटन, एजेंसियां: कोरोना को लेकर कभी भी गंभीर नहीं दिखने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आखिरकार संक्रमित हो गए। उनकी चपेट में उनकी पत्नी मेलानिया भी आ गई हैं। यह जानकारी ट्रंप ने स्वयं ट्वीट करके दी। 74 वर्षीय ट्रंप ऐसे समय में संक्रमित हुए हैं जब उनका चुनाव प्रचार जोर-शोर से चल रहा है। दोबारा राष्ट्रपति बनने की दौड़ में शामिल ट्रंप और उनके प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बिडेन के बीच हाल ही में पहली बहस हुई थी। दूसरी बहस 15 अक्टूबर को होनी है, जो राष्ट्रपति [illegible]

पीएम मोदी ने की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना

राष्ट्रपति ट्रंप के संक्रमित होने के बाद राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विश्व के कई नेताओं ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मोदी ने ट्वीट करते हुए लिखा, 'मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप और प्रथम महिला के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।' चीन, रूस के राष्ट्रपति ने भी ट्रंप और मेलानिया के [illegible]

[illegible]

PHOTO

चीन में उड़ा मजाक

ट्रंप और मेलानिया के संक्रमित होने पर चीन के सोशल मीडिया पर यूजरों ने खूब मजाक उड़ाया। वहीं, चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स के प्रधान संपादक हू शिजिन ने अंग्रेजी में ट्वीट करते हुए लिखा कि राष्ट्रपति ट्रंप और मेलानिया ने वायरस के खतरे को कमतर आंकने की कीमत चुकाई है।

जानकारी देते हुए ट्रंप ने लिखा, आज रात मेरी और मेलानिया की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हम तुरंत क्वारंटाइन होने के [illegible]

इलाज की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ट्रंप के डॉक्टर सीन कॉनले ने कहा, 'राष्ट्रपति और मेलानिया की हालत ठीक है। व्हाइट हाउस में ही क्वारंटाइन रहेंगे।' राष्ट्रपति क्वारंटाइन में रहते हुए ही काम कर रहे हैं। ट्रंप के सभी कार्यक्रम रद कर दिए गए हैं। उनके चुनाव प्रचार का जिम्मा संभालने वाले बिल स्टेपीन ने कहा कि उप राष्ट्रपति माइक पेंस चुनाव प्रचार जारी रखेंगे। ट्रंप की निजी सलाहकार होप हिक्स गुरुवार को संक्रमित पाई गई थीं। इसी वजह से ट्रंप और मेलानिया ने अपनी जांच कराई थी।

मोदीनगर मे खाकी वर्दी पहनकर डाली डकैती

50 लाख की डकैती मे आठ बदमाश थे शामिल

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद: पुलिस के इकबाल को चुनौती देते हुए हथियारबंद बदमाशों ने गुरुवार तड़के मोदीनगर मे [illegible] कारोबारी के यहां एक किलो सोना और करीब 50 लाख रुपये की डकैती डाली। खाकी वर्दी मे बदमाशों ने पहले जांच के नाम पर कारोबारी का दरवाजा खुलवाया और फिर बच्चों व [illegible] के बल पर पूरे परिवार को बंधक बना लिया। [illegible] मे दारोगा और दीवान का संबोधन कर रहे बदमाशों ने कारोबारी परिवार के विरोध पर बच्चों को जान से मारने व गोली मारने की धमकी दी। एसएसपी ने जांच के लिए चार टीमों का गठन किया है।

दरवाजा खटखटाया और कहा- तुम्हारे घर मे एटीएम चोरी का केस है: मोदीनगर निवासी पीड़ित समीर सिद्दीकी धूपबत्ती तैयार करते है। [illegible] नाम से उनकी फर्म है। परिवार मे पत्नी इरम, मां संजीदा, [illegible] साल का बेटा [illegible] और तीन साल की बेटी [illegible] है। फिलहाल घर पर बहन [illegible] व [illegible] और उनकी बेटी [illegible] भी रुकी हुई है। समीर की मां संजीदा ने बताया कि [illegible] तड़के तीन बजे [illegible] दरवाजा खटखटाया। [illegible] उठा तो जवाब मिला, हम पुलिस

फिर लूट मे दर्ज हुई : समीर के घर पहले डकैती की तहरीर मे चार बदमाश लिखवाकर लूट का मुकदमा दर्ज किया है। ग्रामीण पुलिस [illegible] का कहना है कि परिवार ने 3-4 बदमाश बताए थे। तहरीर मे भी यही लिखा, जिसके आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है।

तुम्हारे [illegible] शाहरुख ने मोदीनगर की एटीएम मे चोरी की है। उसका [illegible] तुम्हारे घर मे रहता है। इस पर उन्होंने गेट खोल दिया तो वर्दीधारी सहित पांच बदमाश घर मे दाखिल हुए और तीन बाहर ही रुक गए। बदमाशों ने सभी के मोबाइल ले लिए। स्वजनों से ही खुलवाए ताले व बदमाशों ने चेकिंग के नाम पर स्वजनों से ही ताले खुलवाकर पूरा घर, [illegible] और करीब एक किलो सोने के गहने और समीर की दराज से चार लाख रुपये निकालकर इकट्ठे कर लिए। समीर को शक हुआ तो उन्होंने विरोध शुरू किया। बदमाशों ने शोर मचाने पर बच्चों को गोली मारने की भी धमकी दी। समीर के मुताबिक, सभी ने पिस्टल व तमंचे निकालकर उन्हें [illegible] पर लेकर सभी के हाथ पैर बांध दिए और गहने उतरवा लिए। करीब एक घंटे बाद बदमाश परिवार को कमरे मे बंद कर फरार हो गए। [illegible] पड़ोसी ने पीड़ितों को घर से निकाला।

तिवारी के महारथियो की विदाई

PHOTO

सियासी दंगल

सियासत मे बदलाव का असर व्यापक होता है, [illegible] ही उनके महारथी भी [illegible] बदलते लगते है यूं कहे कि उनकी सियासी राह कठिन हो जाती है। दिल्ली भाजपा मे भी बदलाव का असर साफ दिख रहा है। इसकी कवायद भी जून मे [illegible] पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी के [illegible] पद से हटते शुरू हो गई थी। हालांकि, कुछ समय लगा, लेकिन आखिरकार [illegible] टीम के महारथियो की विदाई हो गई है। पहले अधिकतर मंडल अध्यक्ष हटाए गए, इसके बाद जिलो मे नए नेताओ पर दांव लगाया गया। आखिर मे प्रदेश मे भी नए चेहरे सामने आ गए है। महामंत्री कुलजीत सिंह चहल और उपाध्यक्ष राजीव बब्बर जैसे कुछ नेता ही अपनी कुर्सी बचाने मे कामयाब रहे।

नेताजी की डीपी चर्चा मे

तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां देवी दुर्गा का रूप धारण करने की वजह से चर्चा मे है। इंस्टाग्राम पर उनकी फोटो पोस्ट करते ही वह मुस्लिम कट्टरपंथियों के निशाने पर आ गई। खास बात यह है कि उनकी इस तस्वीर ने राजधानी के सियासी हलके मे भी हलचल मचा दी है। भाजपा के नए राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आरपी सिंह को [illegible] इतना भाया कि इसे अपने ट्विटर पर डीपी बना ली। फिर पार्टी मे कानाफूसी शुरू हो गई। विवाद न बढ़े इसलिए आखिरकार नेताजी ने इसे अपनी डीपी से हटा लिया। [illegible] पेश करते हुए उन्होंने इसे महालया की बधाई से जोड़ दिया। वह सही हो सकते है, लेकिन विरोधियों के निशाने पर तो आ ही गए।

बदल गया सत्ता का केंद्र

भाजपा की राष्ट्रीय टीम घोषित होने का असर दिल्ली भाजपा के सियासी मिजाज पर दिखने लगा है। सत्ता का केंद्र बदल गया है। प्रदेश प्रभारी श्याम जाजू इस बार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की कुर्सी बचाने मे असफल रहे है। वहीं, प्रदेश सह प्रभारी तरुण चुग का सियासी रुतबा बढ़ गया है।

पार्टी के प्रति आस्था व पद मे टकराव

भाजपा से सियासी दोस्ती खत्म होने के बाद से शिरोमणि अकाली दल (शिअद बादल) मे खलबली मची हुई है। पार्टी मे बगावत की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और [illegible] पार्टी ने अपने पार्षदों से नगर निगमों मे मिले पद छोड़ने का फरमान जारी किया है। कालका की पत्नी [illegible] ने तत्काल दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की तहबाजारी और लाइसेंसिंग समिति के डिप्टी चेयरमैन से इस्तीफा दे दिया है लेकिन, उत्तरी दिल्ली नगर निगम मे विशेष विधि सामान्य प्रयोजन समिति के चेयरमैन और सिविल लाइंस जोन के चेयरमैन राजा इकबाल सिंह ने इस्तीफा नहीं दिया।

PHOTO

पार्टी के मुद्दे पर विरोध को जवाब देने के लिए विशेष अभियान चला रही है उसे लेकर रणनीति बनाने के लिए नेताओं की वीडियो कांफ्रेंसिंग से भी वह नदारद रहे। इसी तरह से [illegible] आयोजित कार्यक्रमों मे भी वह नजर नहीं आ रहे है, [illegible] सियासी भविष्य पर भी चर्चा शुरू हो गई है। दूसरी ओर सड़कों पर [illegible] पोस्टर-बैनर [illegible]

लड़ाकू विमानो की होगी नीची उड़ान, खुले मे न फेंके कूड़ा

अपील

- आठ को भारतीय वायुसेना के विमान दिखाएंगे करतब
- पक्षियों की टक्कर विमानों को कर सकती है दुर्घटनाग्रस्त

जागरण संवाददाता, गाजियाबाद: भारतीय वायुसेना की 88वीं वर्षगांठ के मौके पर 8 अक्टूबर को [illegible] लड़ाकू विमान करतब दिखाएंगे। ऐसे मे आसमान मे उड़ने वाले पक्षी हादसे का सबब बन सकते है। ऐसे मे चिंतित वायु सेना प्रशासन ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के निवासियों से खुले मे खाद्य सामग्री या कूड़ा नहीं फेंकने की अपील की है। वायुसेना स्थल हिंडन मे आठ अक्टूबर को भारतीय वायुसेना की 88वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। इसके पहले छह अक्टूबर को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। आसमान मे अभ्यास करते विमानों की गड़गड़ाहट इन दिनों खूब सुनाई भी दे रही है। जगह-जगह कूड़े के ढेर होने से आसमान मे पक्षी भी उड़ते देखे जा रहे है। वायुसेना दिवस के मौके पर लड़ाकू विमान जमीन से काफी करीब होकर उड़ान भरेंगे। ऐसे मे आसमान मे उड़ने वाले पक्षियों से टकराने का खतरा है क्योंकि बेहद तीव्र गति से विमानों के उड़ान भरने की वजह से पक्षियों की मामूली टक्कर भी विमानों को दुर्घटनाग्रस्त कर सकती है। इससे वायुसेना के साथ ही दिल्ली एनसीआर के निवासियों के लिए भी बड़ा खतरा हो सकता है। इससे चिंतित वायुसेना प्रशासन ने एनसीआर के निवासियों से खुले मे खाद्य सामग्री, कचरा नहीं डालने की अपील की है। स्थानीय प्रशासन से भी कूड़ा स्थलों की सफाई करने का अनुरोध किया गया है। नगर निगम गाजियाबाद ने वायुसेना स्थल के आसपास मांस की दुकानों को बंद करने का निर्देश दिया है।

यहां बहुत नीचे रहती है उड़ान: वायुसेना दिवस पर करतब दिखाने वाले विमान गाजियाबाद शहर, [illegible] पुल, करावल नगर, [illegible], [illegible], पिलखुवा, [illegible], हापुड़ मे जमीन से काफी करीब होकर उड़ान भरेंगे। इन स्थानों पर खतरा अधिक है। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता विंग कमांडर इंद्रनील नंदी का कहना है कि कूड़ा व खाद्य सामग्री पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इसलिए लोगों से अनुरोध किया गया है वह खुले मे कूड़ा न फेंके।

Advertisment

यूपी गेट पर तीन घंटे किसानो का प्रदर्शन

जासं, गाजियाबाद: भारतीय किसान यूनियन के टिकैत और [illegible] गुट ने शुक्रवार को यूपी गेट पर अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान सुबह करीब साढ़े नौ से दोपहर 12:30 बजे तक (तीन घंटे) यूपी गेट पर फ्लाईओवर के नीचे का हिस्सा किसानों के कब्जे मे रहा। [illegible] संपर्क मार्ग और फ्लाईओवर के ऊपर से गुजारा गया। वाहनों का दबाव कम होने से जाम नहीं लगा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने यूपी गेट पर 2 अक्टूबर को सन 2018 मे हुए किसान आंदोलन की वर्षगांठ मनाते हुए फ्लाईओवर के नीचे [illegible] की ओर आने वाली लेन के खंभों पर 2018 मे हुए किसान आंदोलन के दौरान की फोटो के बड़े पोस्टर लगाए। इससे उस लेन पर आवाजाही रोक दी गई। किसानों ने फ्लाईओवर के नीचे हवन कर वर्षगांठ मनाई। दिल्ली पुलिस के एडिशनल डीसीपी [illegible] संजीत के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। किसानों के आयोजन को लेकर शुक्रवार सुबह से ही यूपी गेट पर गाजियाबाद और दिल्ली की पुलिस अपनी-अपनी सीमा मे मुस्तैद रही।

विज्ञापन

एक सप्ताह से लापता फरीदाबाद का कारोबारी दिल्ली मे मिला

जासं, फरीदाबाद: एनआइटी क्षेत्र से एक सप्ताह पहले लापता कारोबारी को पुलिस की मिसिंग सेल ने दिल्ली के करोलबाग स्थित एक होटल से ढूंढ निकाला है। कारोबारी स्कूल बैग का काम करता है। लाकडाउन के चलते व्यापार ठप होने व लेनदार बढ़ने के कारण पिछले सप्ताह वह घर पर किसी को कुछ बताए बिना चले गए थे। स्वजन काफी परेशान थे। पत्नी ने कोतवाली थाना मे उनके लापता होने की सूचना दी थी।

Advertisment

विज्ञापन

Advertisment

टैंक से उतरा मालगाड़ी का डिब्बा, ढाई घंटे सेवा प्रभावित

जागरण संवाददाता गाजियाबाद: दिल्ली से [illegible]-टूंडला की तरफ जाते वक्त शुक्रवार 2 बजे मालगाड़ी का एक डिब्बा कोटगांव फाटक के पास ट्रैक से उतर गया। इस कारण [illegible] रेल मार्ग करीब ढाई घंटे प्रभावित रहा।

राजधानी एक्सप्रेस तय समय पर रवाना करने के थे निर्देश: हादसे के बाद वरिष्ठ रेलवे अफसर स्थानीय अफसरों से पल-पल की जानकारी ले रहे थे। अफसरों का स्पष्ट निर्देश था कि किसी भी सूरत मे नई दिल्ली-डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस लेट नहीं होनी चाहिए। इसी कारण से स्पेशल क्रेन बुलाकर डिब्बे को ट्रैक पर चढ़ाकर ट्रैक साफ कराया गया।

डीआरएम मौके पर पहुंचे: दिल्ली से [illegible] क्रेन: शुक्रवार 2 बजे 43 डिब्बों वाली मालगाड़ी का 32वां डिब्बा अचानक कोटगांव फाटक से आगे बढ़ते ही ट्रैक से उतर गया। करीब 500 मीटर तक डिब्बा ट्रैक से उतरकर स्लीपर पर दौड़ा। रेलवे कर्मचारियों ने क्रेन की मदद से डिब्बे को ट्रैक पर चढ़ाया। इसके बाद [illegible] करीब 4:35 बजे इस डिब्बे को [illegible] ले जाया गया।

विज्ञापन

विज्ञापन

विज्ञापन